दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 269.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 6 जुलाई तक 269.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 15.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 252.9 मिली मीटर, पुसौर में 280, खरसिया में 176.6, घरघोड़ा में 204.3, तमनार में 260.2, लैलूंगा में 240.5, मुकडेगा में 362, धरमजयगढ़ में 305.5, छाल में 233.5 एवं कापू में 381.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की चयन सूची जारी

**रायगढ़।** जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत चिकित्सा विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ/दंत चिकित्सक, स्टाफ नर्स के पद पर एक वर्ष की संविदा नियुक्ति हेतु 9 जून को साक्षात्कार लिए जाने के उपरांत प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट सूची के आधार पर चयन सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदक कार्यालय में उपस्थित होकर चयन सूची का अवलोकन कर सकते है।

### सलखेता एवं खेदापाली सिंचाई जलाशय में मछली पालन हेतु दिया जाएगा दस वर्षीय पट्टा

**रायगढ़।** जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के अधीनस्थ सलखेता एवं खेदापाली सिंचाई जलाशय को मत्स्य पालन हेतु 10 वर्ष के लिए पट्टे पर आबंटित किया जाना है। इसके लिए इच्छुक समिति अथवा समूह 20 जुलाई 2023 तक जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जनपद पंचायत धरमजयगढ़ कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### मत्स्य बीज प्रक्षेत्र चांदमारी एवं छिन्द में मत्स्य बीज स्पॉन, फ्राई एवं फिंगरलिंग उपलब्ध

**रायगढ़।** मछली पालन विभाग रायगढ़ अंतर्गत मत्स्य बीज प्रक्षेत्र चांदमारी रायगढ़ एवं मत्स्य बीज प्रक्षेत्र छिन्द सारंगढ़ में मत्स्य बीज उत्पादन का कार्य प्रारंभ हो गया है। वर्तमान में दोनों जिलों के मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में मत्स्य बीज स्पॉन, फ्राई एवं फिंगरलिंग उपलब्ध है। जिले के समस्त पट्टाधारक मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह, मछुआ व्यक्ति, स्व-सहायता समूह तथा निजी मत्स्य पालक किसान शासकीय दर पर मत्स्य बीज क्रय कर अपने तालाबों जलाशयों में संचयन कर सकते है। सहायक संचालक मछली पालन, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में रायगढ़ जिला हेतु 750 लाख स्पॉन एवं 90 लाख स्टैण्डर्ड फ्राई तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला हेतु 950 लाख स्पॉन एवं 100 लाख स्टेण्डर्ड फ्राई उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त दोनों मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता का मेजर कार्प (कतला, रोहू एवं मृगल)मत्स्य बीज उत्पादन कार्य वर्षा ऋतु के साथ प्रारंभ हो गया है।

### असामयिक मृत्यु के एक प्रकरण में सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील खरसिया के ग्राम-दर्रामुड़ा निवासी नान्हीराम पटैल की 30 जून 2022 को नदी के पानी में डूबने से असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा प्रकरण के परीक्षण पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधान अनुसार मृतक की पत्नी केंवरा बाई पटैल को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय: प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त

**रायगढ़।** नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर जिला-रायगढ़ में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 निर्धारित है। जिसके लिए प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 20 जनवरी 2024 को रायगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को पूर्णत: भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति की वेबसाईट www.navodaya.gov.in में ऑनलाईन माध्यम से आवेदन कर सकते है। इसके लिए अभ्यर्थी को रायगढ़ जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत एवं जिले का निवासी होना चाहिए। कक्षा तीसरी व कक्षा चौथी पूर्ण शैक्षणिक वर्ष प्रत्येक कक्षा मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण होना है तथा जिसका जन्म 1 मई 2012 तथा 31 जुलाई 2014 (दोनों शामिल)के मध्य होना चाहिए। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

# शहर में सिलसिलेवार चोरियों को अंजाम दे रहे 5 आरोपी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में, आरोपियों में एक महिला भी शामिल

- आरोपियों से नकद समेत 5 लाख 20 हजार रुपए के सोने चांदी के जेवरात बरामद, चोरी के 11 अपराधों का हुआ खुलासा



**रायगढ़।** पिछले माह थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिद्धिविनायक कॉलोनी के एक के बाद एक दो सूने मकानों में चोरी की वारदात को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा शहर में चोरी की वारदातों में कड़ी आपत्ति जताते हुये चोरियों में अंकुश लगाने नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़, थाना प्रभारी कोतवाली तथा साइबर सेल प्रभारी को अपने स्टाफ एवं मुखबिरों को अलर्ट कर पूर्व में चोरी, लूट, नकबजनी के वारदातों में सक्रिय आरोपियों की गतिविधियों पर निगाह रखने और सूचना संकलन सुदृढ कर जल्द से जल्द माल मुलजिम की पतासाजी का निर्देश दिया गया था।

एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर कोतवाली पुलिस द्वारा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में हाल ही में चोरी वारदातों में अज्ञात आरोपियों के तरीका ए वारदात का एनालिसिस किया गया, CCTV फुटेज खंगाले गये तथा मुखबिर से जानकारी लिये, जानकारी मिला कि जेल से छूटने के बाद आदतन बदमाश मार्शल यादव अपने साथी संजय भट्ट और विकास चौहान के साथ मिलकर फिर सक्रिय होकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। वहीं मिट्ठूमुड़ा का प्रेम सारथी और लोकेश चौहान भी अपना गुट बनाकर शहर में चोरी को अंजाम दे रहे हैं।

कोतवाली टीआई शनिप रात्रे ने इन संदिग्धों पर निगाह रखकर सूचना देने अपने स्टाफ और मुखबीरों को लगा रखे थे कि पिछले दिनों बदमाश मार्शल यादव और विकास चौहान के द्वारा सोने चांदी के जेवरातों की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल सक्रिय होकर इंदिरा नगर के पास घेराबंदी कर आरोपी मार्शल यादव और विकास चौहान को हिरासत में लेकर थाने लाया गया जिनसे कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपने साथी संजय भट्ट के साथ मिलकर शहर के अलग-अलग इलाकों में चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किये हैं। आरोपी मार्शल यादव और विकास ने बताया कि वे चोरी में मिले सोने चांदी के जेवरातों, नगदी को आपस में बैठकर बांट लेते थे। आरोपी मार्शल यादव ने अपनी पत्नी बिंदा यादव के जरिये चोरी के कुछ सामनों को फेरी कर कबाड़ करने वालों के पास बेच देना बताये हैं। आरोपिया बिंदा यादव को भी मामलों में आरोपी बनाया गया है। आरोपियों द्वारा कारित अपराध के संबंध में थाना कोतवाली में सिद्धिविनायक कॉलोनी, वृंदावन चौक बजरंग मोटर्स, जिला अस्पताल रायगढ़, सोनिया नगर, ढिमरापुर स्थित रेड क्वीन होटल में चोरी पर अपराध ( अप.क्र-489,480,483, 404,312,132/2023 ) दर्ज है। शहर के अन्य स्थानों से चोरी सोने-चांदी की मशरूका के संबंध में पृथक से धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC की कार्रवाई की गई है।

वहीं चोरी के सोने-चांदी के जेवरातों की बिक्री के लिये कारगिल चौंक पर घूम रह संदिग्ध युवक प्रेम सारथी और लोकेश चौहान दोनों निवासी मिठ्ठुमुडा जूटमिल को हिरासत में लिया गया। दोनों को एक रात के समय संदिग्ध अवस्था में देखे जाने की सूचनाएं कोतवाली पुलिस को मिल रही थी जिसके बाद से दोनों पर नजर रखा गया था। आरोपी प्रेम सारथी और लोकेश चौहान ने अपने इकबालिया बयान में बताया कि दोनों ने पिछले साल रेलवे बंगला पारा, सावित्री नगर मोदीपारा कोतरारोड के मकानों में चोरी किये थे। इस साल दोनों ने अशोक विहार, कॉलोनी रुकमणी विहार और राजीव नगर के मकानों को अपना निशाना बनाये थे, जहां इन्हें सोने चांदी के जेवरात व नकदी रकम प्राप्त हुआ था ( थाना कोतवाली में अप.क्र-399,83,68/2023 एवं 1248, 1201/2022 दर्ज)। आरोपियों ने चोरी के माल को आपस में बटवारा कर कुछ सामानों को उड़ीसा संबलपुर में बिक्री कर रुपए बंटवारा कर लेना बताये हैं। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के कई समानों की बरामदगी आरोपियों के घर से की गई है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व पर चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी एवं माल मशरूका की बरामदगी की कार्यवाही में, उपनिरीक्षक संतरा चौहान, सहायक उपनिरीक्षक इगेश्वर यादव, दिलीप बेहरा, प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, राकेश शर्मा, विक्रम चौरसिया, दिलीप भानु, हेमन पात्रे, श्रीराम साहू, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे, उत्तम सारथी, संदीप मिश्रा, महिला आरक्षक कस्तुरी राठिया की सराहनीय भूमिका रही है।

## आज सुबह 10 बजे से जिला ग्रंथालय में होगा कैरियर गाइडेंस : सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव छात्रों को देंगे मार्गदर्शन

- कलेक्टर सिन्हा की पहल पर प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित हो रहा कैरियर गाइडेंस सेशन




**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल से जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है। इसी क्रम में आगामी शुक्रवार 7 जुलाई को सुबह 10 बजे से जिले में सीईओ जिला पंचायत के पद पर कार्यरत आईएएस अधिकारी जितेन्दर यादव छात्रों के बीच होंगे। जहां वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को मार्गदर्शन देंगे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिन्हा की विशेष पहल पर रायगढ़ जिला में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी एवं रोजगार के अवसरों के लिए विशेष मार्गदर्शन एवं कोचिंग कक्षायें जिला ग्रंथालय रायगढ़ में संचालित किए जा रहे हैं, इसके साथ ही वर्तमान में जिला ग्रंथालय रायगढ़ में पीएससी की कोचिंग कक्षायें भी संचालित हो रही हैं। जिससे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर व प्रतियोगी माहौल प्रदान किया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत पिछले हफ्ते जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन किया था।

## अच्छी शिक्षा देकर बच्चों के भविष्य का निर्माण करें शिक्षक : कलेक्टर

- कलेक्टर के निर्देशन में डीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण
- सहायक शिक्षक शौकीलाल खड़िया बिना सूचना के पाए गए अनुपस्थित, कारण बताओ नोटिस जारी
- आगे भी लगातार चलेगा स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण, लापरवाही पर होगी कार्यवाही

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शिक्षा की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को सतत् रूप से जिले के सभी स्कूलों का निरीक्षण करने के सख्त निर्देश दिए है। उन्होंने कहा था कि बच्चों का भविष्य उनकी शिक्षा से जुड़ी होती है। इसलिए सभी शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर उनका भविष्य निर्माण करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी। बीते दिनों उन्होंने स्कूल शिक्षा बैठक के दौरान डीईओ को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया था कि सभी शिक्षक नियत समय में स्कूल में उपस्थित होकर बच्चों को अध्ययन-अध्यापन कार्य में विशेष प्राथमिकता दें एवं बिना कारणवश अनुपस्थित शिक्षकों पर सख्ती कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

इसी कड़ी में डीईओ द्वारा स्कूलों के निरीक्षण में खरसिया विकासखण्ड के शास.प्राथमिक शाला पलगड़ा पहुंचने पर पता चला कि सहायक शिक्षक शौकीलाल खडिय़ा स्कूल खुलने के दिनांक 26 जून से 5 जुलाई तक बिना सूचना के अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित है। डीईओ ने संबंधित सहायक शिक्षक पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु कारण बताओ सूचना जारी किया है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में लगातार स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण चलता रहेगा। शिक्षकों के द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर उनके ऊपर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गये है, ताकि सामान्य एवं मध्यम वर्गो के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलें। उन्होंने कहा कि यही बच्चे हमारा भविष्य है और इन बच्चों को शिक्षा का उचित वातावरण देना शिक्षा विभाग की महती जिम्मेदारी है। ताकि बच्चे मनाकर लगाकर पढ़ाई करें एवं जिले का नाम रोशन करें।

**स्कूलों में शिक्षकों की अहम भूमिका**

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि हर बच्चे के लिए उसका स्कूल एक तरह से उसका दूसरा घर होता है इसलिए स्कूल के साथ उसके शिक्षक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। क्योंकि जीवन में शिक्षक की भूमिका माता-पिता के समान होती है ऐसे में अध्यापकों का व्यवहार और बच्चों के प्रति उनका आचरण काफी हद तक बच्चों की ग्रोथ पर निर्भर करता है।

**डीईओ ने किया इन स्कूलों का निरीक्षण**

कलेक्टर सिन्हा के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला एवं विकासखण्ड स्रोत समन्वयक प्रदीप कुमार साहू द्वारा विकासखण्ड खरसिया अंतर्गत शा.प्राथमिक शाला पतरापाली, शा.प्राथमिक शाला उल्दा, शास.प्राथमिक शाला बरगढ़, शास.प्राथमिक शाला पलगड़ा, शास.प्राथमिक शाला लोधिया, शास.प्राथमिक शाला ढिमानी, शास.प्राथमिक शाला सरवानी, शास.प्राथमिक शाला तीउर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इन सभी स्कूलों में सभी शिक्षक उपस्थित पाये गये एवं स्कूल संचालन सही पाया गया।

## अनियंत्रित गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों का परमिट एवं ड्रायविंग लायसेंस करें निरस्त : कलेक्टर

- सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को करें जागरूक
- शहरी क्षेत्रों में हो रहे अतिक्रमण पर करें निरंतर कार्यवाही
- यातायात नियंत्रण करने ट्रैफिक सिग्नल को लगायें प्राथमिकता से
- नेशनल हाईवे में तत्काल लगाएं ट्रैफिक साइन बोर्ड
- कलेक्टर एवं एसपी ने ली सड़क सुरक्षा के संबंध में बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिन्हा ने एजेंडावार विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सुरक्षात्मक कार्य किए जाए। पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए स्थानों का निरीक्षण कर दुर्घटना वाले क्षेत्र में सुधारात्मक कार्य करें। ऐसे सभी बड़े वाहन जो अनियंत्रित होकर वाहन चला रहे है उनका परमिट व ड्रायविंग लायसेंस निरस्त करते हुए उन पर चालानी कार्यवाही करें। उन सभी सड़कों जहां से बड़ी गाडिय़ों का आना-जाना होता है। वहां हर 5 कि.मी. के दायरे में अस्थायी शेड बनाकर वहां टीम तैनात करें ताकि वहां ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल सके।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए निरंतर कार्य करें। ट्रैफिक सिग्नल को प्राथमिकता से लगाए। जिन स्थानों पर छोटी सड़के नेशनल हाईवे पर मिलती हैं, वहां स्पीड ब्रेकर बनाई जाए। उन्होंने नेशनल हाईवे में ट्रैफिक साइन बोर्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शहर में होने वाले सड़क दुर्घटना का भी एक मुख्य कारण है कि व्यापारी वर्ग अपने दुकानों का सामान बाहर सड़कों तक फैला देते है। साथ ही कई ठेले व गुमचे वाले सड़कों पर अतिक्रमण कर लेते है जिसकी वजह से सड़क में वाहनों का आवागमन प्रभावित होती है एवं दुर्घटनाएं की संभावना बनी रहती है। उन्होंने शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए संयुक्त दल बनाने के निर्देश दिए। साथ ही चेम्बर ऑफ कॉमर्स की बैठक लेकर अतिक्रमण हटाने की जानकारी दें। अतिक्रमण नहीं हटाने पर लगातार कार्रवाई करें। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने ओव्हर स्पीड से वाहन चालन, शराब सेवन कर वाहन चलाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह दो पहिया में तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मालवाहक में यात्री परिवहन एवं नाबालिक द्वारा वाहन चलाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में उपस्थित विभिन्न उद्योगों से आये प्रतिनिधियों ने भी सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के संबंध में अपने सुझाव दिए।

बैठक में प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, ईई पीडब्ल्यूडी आर.के.खाम्बरा, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी एवं उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सड़क में हो रहे गड्ढे का करें शीघ्र भराव-** कलेक्टर सिन्हा ने ईई पीडब्लयूडी को सड़क में हुए गड्ढों का शीघ्र भराव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क में होने वाले गड्ढों के कारण भी कई बार दुर्घटनाएं होती है। इसलिए जहां पर सड़कों में गड्ढे हो रहे है अथवा कहीं से सूचना मिलती है तो उक्त सड़क के गड्ढों को तुरंत भराव करें, ताकि इससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**सड़क दुर्घटना से बचाव के नुक्कड़-नाटक के माध्यम से करें जागरूक-** कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जिले के शहरों से लेकर गांवों तक ट्रैफिक दुर्घटनाओं को लेकर सबकी सहभागिता से व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएसएस एवं वालेंटियर को टीम के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों, स्कूल व कालेजों में जाकर सड़क दुर्घटना से बचाव के संबंध में नुक्कड-नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

## लैलूंगा के ग्राम कमरगा में कलयुगी बेटे ने मां के साथ मारपीट कर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार


**रायगढ़।** दिनांक 05/07/2023 को थाना लैलूंगा के ग्राम कमरगा में एक अधेड़ महिला की उसके बेटे द्वारा मारपीट कर गला दबाकर हत्या की सूचना थाना प्रभारी लैलूंगा उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी को मिला। थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराते हुए तत्काल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां गांव के सरपंच दर्शन सिदार ने बताया कि 4 जुलाई के सुबह गांव के सर्वे सिदार ने उसकी मां कमला सिदार (56 साल) के साथ मारपीट करने की जानकारी मिलने पर सर्वे सिदार के घर जाकर देखा।

घर में सर्वे सिदार मौजूद था जिसने बताया कि सुबह शराब पीकर घर लौटा तो मां उसे काम धाम नहीं करते हो कह कर ताना दी जिससे नाराज होकर आवेश में आकर सर्वे सिदार घर में रखे सराई के जलाऊ लकड़ी से मारपीट किया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दिया।

लैलूंगा पुलिस द्वारा शव पंचानामा कार्यवाही पश्चात शव का पोस्ट मार्टम कराया गया और मौके पर आरोपी सर्वे सिदार के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एवं आरोपी के मेमोरेंडम पर सराई लकड़ी की जप्ती किया गया। आरोपी सर्वे सिदार पिता स्व. गुरूवारू सिदार उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम कमरगा थाना लैलूंगा को आज हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

# जिले के सभी तहसीलों में लगा वृहद राजस्व समाधान शिविर

- जनसामान्य को एक ही स्थान में राजस्व से जुड़े सभी प्रकार की सेवाओं का मिला लाभ
- कलेक्टर सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे राजस्व शिविर में
- कलेक्टर सिन्हा शिविर स्टॉल में बैठकर लिया आवेदन, आवेदकों से की चर्चा
- रायगढ़, पुसौर एवं खरसिया तहसील में आयोजित राजस्व शिविर का कलेक्टर सिन्हा ने किया भ्रमण



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर जिले के तहसील स्तर पर विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण एवं लोगों को राजस्व मामलों में राहत दिलाने के उद्देश्य से आज सभी तहसीलों में वृहद राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। जहां एसडीएम, तहसीलदार, आरआई एवं हल्का के पटवारी उपस्थित थे। इसके साथ ही राजस्व शिविर में जिला स्तर पर भी डिप्टी कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। आयोजित वृहद राजस्व शिविर में खाता विभाजन, नामांरतण, किसान-किताब, आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, आरबीसी 6-4, डिजिटल हस्ताक्षर, डायवर्सन कर वसूली, सीमांकन, व्यपवर्तन, भू-अर्जन, राजस्व से संबंधित अन्य प्रकरणों का आवेदन प्राप्त कर मौके पर निराकरण किया गया।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि सभी तहसीलों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व शिविर लगाया गया हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है की राजस्व से जुड़े मामलों में जनसामान्य को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और न ही उन्हें अनावश्यक इधर-उधर भटकना न पड़े। इसके साथ ही शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से त्वरित निराकरण करना यही हमारी प्राथमिकता हैं और वृहद राजस्व शिविर का उद्देश्य हैं।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा रायगढ़, पुसौर एवं खरसिया तहसील में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने यहां आवेदकों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याएं सुनी एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने रायगढ़ तहसील कार्यालय में अपने बेटे हर्ष एक्का का जाति प्रमाण-पत्र बनवाने आयी महिला से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शिविर में सबसे अधिक आने वाले आए आवेदन की जानकारी ली। राजस्व अधिकारी द्वारा बताया गया कि शिविर में सभी प्रकार के मामलो के आवेदन आ रहे है।

इसी क्रम में कलेक्टर सिन्हा पुसौर तहसील में लगे शिविर में पहुंचे और राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। तहसीलदार ने बताया कि जाति-निवास के साथ बंटवारा, नक्शा दुरुस्ती जैसे अन्य प्रकरण भी आए हैं। बंटवारा का आवेदन लेकर आए लक्ष्मी चरण निराला एवं सुमति रात्रे से चर्चा की। इसी तरह माधुरी एवं गायत्री यादव के पिता से बात करने से उन्होंने बताया की दोनों बेटियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने आए हैं। इसी तरह बंटवारा का आवेदन लेकर पहुंचे सुदामा गुप्ता, नया ऋण पुस्तिका के लिए आए टेकराम एवं रकबा सुधार हेतु पहुंची संध्या गुप्ता से कलेक्टर ने बात की। उन्होंने कहा कि सभी की समस्या का निराकरण विधिवत तरीके से किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी से पटवारी की जानकारी ली, साथ ही प्राप्त आवेदनों की जानकारी के लिए पंजी का अवलोकन लिए।

**वार्षिक भू-भाटक के भुगतान से छूट का कलेक्टर ने प्रदाय किया प्रमाण पत्र-** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिन्हा खरसिया तहसील कार्यालय परिसर में लगे राजस्व शिविर भी पहुंचे। एसडीएम रोहित सिंह ने बताया कि आय, जाति, निवास, बंटवारा, किसान किताब जैसे आवेदन आ रहे हैं। उन्होंने आवेदन पंजी का अवलोकन किया। जहां 100से अधिक आवेदन आए थे। जोबी निवासी राम कुमार से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि वे खाता विभाजन के लिए आवेदन देने पहुंचे हैं। इसी तरह महेश्वरी राठौर पति राम नारायण राठौर निवासी मदनपुर को भू-भाटक की राशि एकमुश्त 15 वर्षो के लिए जमा करायी गयी है। इन्हें आगामी 15 वर्ष (16 वें वर्ष से 30 वर्ष वे वर्ष)के वार्षिक भू-भाटक के भुगतान से छूट प्रदान की जाती है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480